फा. सं. ऐरा/20010/एमवाईटीपी/एमएडीसी/शिरडी/सीपी-I/2022-27

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण

*****

ऐरा कार्यालय,
उड़ान भवन, तृतीय तल,
सफदरजंग हवाईअड्डा,
नई दिल्ली-110003

दिनांक : 28 जून, 2024

सार्वजनिक सूचना संख्या 08/2024-25

सेवामें,

राज्य सरकार/सभी हवाईअड्डा प्रचालक/ सभी स्वतंत्र सेवा प्रदाता/ पंजीकृत कार्गो ट्रेड निकाय/ एयरलाइन/ तेल कंपनियां एवं अन्य हितधारक

विषय: ऐरा कार्यालय, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाईअड्डा, नई दिल्ली में शिरडी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए हितधारकों की परामर्श बैठक का पुनर्निर्धारण किया जाएगा।

1. शिरडी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, शिरडी (एसएजी) के संबंध में प्रथम नियंत्रण अवधि (01अप्रैल, 2022 से 31 मार्च, 2027) के लिए वैमानिक टैरिफ निर्धारित करने संबंधी दिनांक 18.06.2024 के परामर्श पत्र (सीपी) संख्या 02/2024-25, जिसे ऐरा की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है, के संबंध में दिनांक 02.07.2024 को निर्धारित हितधारक परामर्श बैठक संबंधी ऐरा की दिनांक 21.06.2024 की सार्वजनिक सूचना संख्या 06/2024-25 की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

2. इस संबंध में एमएडीसी ने यह अनुरोध किया है कि महाराष्ट्र विधानसभा के वर्तमान मानसून सत्र को देखते हुए ऐरा कार्यालय, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाईअड्डा, नई दिल्ली में दिनांक 02.07.2024 को (11.30 बजे) होने वाली हितधारक परामर्श बैठक को स्थगित कर दिया जाए।

3. उपर्युक्त के मद्देनजर, प्राधिकरण ने पूर्वोक्त हितधारक परामर्श बैठक को स्थगित करने का निर्णय लिया है।

4. सभी हितधारकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हितधारक परामर्श बैठक अब **शुक्रवार, 05 जुलाई, 2024 को दोपहर 2.30 बजे स्टेकहोल्डर कक्ष, तृतीय तल, ऐरा कार्यालय, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाईअड्डा, नई दिल्ली** में आयोजित की जाएगी।

(राम कृष्ण)
निदेशक (नीति एवं सांख्यिकी)